SUNDAY | 25.07.2021 | श्रावण कृष्ण-प्रतिपदा/द्वितीया विक्रम संवत-2078
उत्तर प्रदेश
अमर उजाला
महानगर वर्ष 53 | अंक 168 | पृष्ठ : 22 | मूल्य : सात रुपये
बरेली
• 4 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

PAGE NO. : 10 BOTTOM LEFT

गुरुओं ने दिया शिष्यों को सफलता का आशीष

गुरु पूर्णिमा पर रिद्धिमा में कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार । *विज्ञप्ति*

बरेली। एसआरएमएस रिद्धिमा में शनिवार को गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया गया। शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई। जनार्दन और शिवांगी मिश्रा ने गुरुओं को नमन किया। संगीत गुरु उमेश मिश्र, आनंद मिश्र ने सारंगी वादन कर लोगों को भावविभोर कर दिया। गजल गायक उस्ताद नासिर हुसैन के पोते उस्ताद दानिश हुसैन और शिवांगी मिश्रा ने गीतकार नकुश लायलपुरी की गजल नैना तोसे लागे, सारी रैना जागे... पेश कर खूब तालियां बटोरीं। कुंवर पाल, अगस्टीन फ्रे डरिक ने सितार और गिटार वादन प्रस्तुत किया। अंत में गुरु अंबाली प्रहराज ने भरतनाट्यम प्रस्तुत कर दर्शकों को भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई। कार्यक्रम का संचालन आशीष कुमार ने किया। इस दौरान राममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति, आशा मूर्ति आदि मौजूद रहीं।